पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-04 बुधवार, दिनांक- 02 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रम सं०-05 स्थगित ।
(iii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 02 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-77 एवं 84 क्रमशः योजना एवं विकास विभाग तथा लघु जल संसाधन विभाग को स्थानान्तरित ।
(v) 71 तारांकित प्रश्न अनागत ।

"तारांकित प्रश्न संख्या-87 के उत्तर से माननीय सदस्यों के असंतुष्ट होने पर आसन से घोषणा की गयी कि इसकी जाँच सदन की समिति करेगी" ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद, डा० अच्युतानन्द एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री राजेश्वर राज
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(v) श्री गजानन्द शाही
(vi) श्री ललन राम
(vii) डा० इजहार अहमद

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री अच्युतानन्द एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सूचना माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

"इस दौरान भाजपा के माननीय सदस्यों द्वारा सीवान में गिरती विधि व्यवस्था के विषय को लेकर नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहे एवं अपनी सीट पर जाए परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई" ।

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

कृषि विभाग :-

कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा कृषि विभाग की मांग पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :

(i) श्री रामाधार सिंह
(ii) श्रीमती नीता चौधरी
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) डा० मो० जावेद
(v) श्रीमती ज्योति देवी

इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह सूचना के प्रश्न पर कृषि मंत्री के मुद्रित बजट भाषण में भोजपुर जिला से सम्बन्धित कतिपय गलत विवरण प्रस्तुत किए जाने की ओर सदन का ध्यानाकृष्ट किया । माननीय मंत्री, कृषि विभाग ने सूचना ग्रहण किया ।

(vi) डा० अच्युतानन्द
(vii) श्रीमती मंजू वर्मा
(viii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(ix) श्री कृष्ण कुमार
(x) श्रीमती उषा विद्यार्थी

(इस अवसर पर मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

मा० प्रभारी मंत्री कृषि विभाग द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

''उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[6] **निवेदन :-**

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 03 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।